प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः **99/2026** (अपील सूचना का अधिकार)

बाबूलाल निवासीः 44, अमरगढ़ विहार, सेठजी की कण्डाल, बलीचा, उदयपुर

..............अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशा.), उदयपुर

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 29/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रत्यर्थी के कार्यालय में दिनांक 11.02.2026 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सूचना चाही गई। अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ग्रामीण, उदयपुर द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नही करायी जाने से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/99/26/ 608—09 दिनांक 30.04.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशा.) उदयपुर ने जरिये पत्राक प./41/2/सू.अ/प्र.अ.स./99/26/884—85 दिनांक 11.05.2026 से अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 13.02.2026 को इस कार्यालय में प्राप्त हुआ जिसमें 2 बिन्दुओं की सूचना चाही गई। उक्त प्रार्थना पत्र का संबंध सहायक निदेशक लोक सेवाएं, उदयपुर से होने से इस कार्यालय के पत्रांक 232—34 दिनांक 18.02.2026 से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत उक्त कार्यालय को अंतरित कर दिया गया एवं उक्त अंतरण के संबंध में प्रार्थी को भी सूचित कर दिया गया था। प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना का संबंध मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ अनुभाग से होने से इस कार्यालय के पत्रांक 574 दिनांक 17.03.2026 से पत्राचार किया गया। उक्त अनुभाग द्वारा प्रेषित सूचना प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्रांक 605 दिनांक 27.03.2026 द्वारा कुल 2 पृष्ठ की सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक भिजवाई गई। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में जिला कलक्टर कार्यालय में उपलब्ध सूचना प्रार्थी को

प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर
सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.05.29 13:43:08 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22515507
M e-Sign

उपलब्ध करवा दी गई एवं शेष बिन्दु के संबंध में सहायक निदेशक, लोक सेवाएं, उदयपुर को निर्धारित समयावधि में अंतरित कर दिया गया। अतः प्रथम अपील निस्तारित करने की कृपा करावें।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा अपील इस आधार पर प्रस्तुत की गई है कि अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ग्रामीण, उदयपुर द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करवाई, अपूर्ण सूचना उपलब्ध करवाई गई व उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा की गई कार्यवाही की रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करवाई गई। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर(प्रशा.) के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर 2 बिन्दुओं पर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी के कार्यालय से संबंधित सूचना प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को उपलब्ध करवा दी गई है एवं शेष सूचना सहायक निदेशक, लोक सेवाएं, उदयपुर से संबंधित होने से प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी के आवेदन को सहायक निदेशक, लोक सेवाएं, उदयपुर को अंतरित किया गया एंव अंतरण के संबंध में अपीलार्थी को सूचित किया गया। अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ग्रामीण, उदयपुर के विरूद्ध प्रथम अपील में सुनवाई का श्रवणाधिकार/क्षेत्राधिकार इस कार्यालय में निहित नहीं है साथ ही प्रत्यर्थी के कार्यालय में उपलब्ध सूचनाएं प्रेषित की जा चुकी है एवं उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में संबंधित कार्यालय से सूचना प्राप्त की जा सकती है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलाण्ट खारिज की जाती है। अपीलार्थी को चाहिए कि वह संबंधित कार्यालय में सूचना प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करे एवं सक्षम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत कर दाद हासिल करे। निर्णय की उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector and District Magistrate
Date: 2026.05.29 13:43:08 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22515507
M e-Sign